सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 13 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में सुश्री ज्योत्सना पंत को इंडिया नेशनल टूर्नामेंट, कराटे में गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी और सम्मानित किया। राजभवन में कार्य करने वाले माली की भतीजी, ज्योत्सना ने तमिलनाडू में आयोजित कराटे प्रतियोगिता की हैवी वेट केटेगरी में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीता। राज्यपाल ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में ऐसी उपलब्धि हासिल करना प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि ज्योत्सना उत्तराखण्ड की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां किसी से कम नहीं हैं वे किसी भी लक्ष्य को पाने में सक्षम हैं। उन्होंने ज्योत्सना के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

............0...........